निर्यात बढ़ाने के लिए नीति जल्द : नंदी

लखनऊ, विशेष संवाददाता। प्रदेश के औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता 'नंदी' ने कहा है कि निर्यात बढ़ाने के लिए अब नए सेक्टर मेडिकल वैल्यू टेज्वल, पर्यटन, शिक्षा, आईटी-आई.टी.ई.एस व लॉजिस्टिक्स का चयन किया गया है। इस क्षेत्र में आपार संभावनाओं को देखते हुए सेवा निर्यात नीति जल्द लागू की जाएगी।

औद्योगिक विकास मंत्री ने यह बात सोमवार को 'सेवा क्षेत्र से निर्यात को प्रोत्साहन' विषय पर सेमिनार में कही। उन्होंने कहा कि वर्ष 2021-22 से फरवरी 2022 तक प्रदेश से कुल 1,40,124 करोड़ रुपये का सामान निर्यात हुआ है। अब राज्य सेवा क्षेत्र

औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता का सोमवार को सेमिनार में स्वागत करते एमएसएमई विभाग के अपर मुख्य सचिव नवनीत सहगल।

निर्यात नीति लाने का निर्णय शीर्ष प्राथमिकता के आधार पर लिया गया है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि सरकार उद्यमियों तथा निवेशकों की प्रत्येक समस्या का समाधान करने हेतु तत्पर है।

एमएसएमई विभाग के अपर मुख्य सचिव नवनीत सहगल ने कहा कि सेवा निर्यात के क्षेत्र में यह प्रथम वर्कशॉप है।